स्कूलों के लिए COVID से जुड़े स्मार्ट (बढ़िया) उपाय

परिवारों के लिए जानकारी

हम जानते हैं कि कक्षा में एकसाथ होना हमारे छात्रों के शिक्षण, विकास और कल्याण के लिए सबसे बढ़िया बात है। इस टर्म में हम कई उपाय लागू करना जारी रखेंगे जिससे हम अपने छात्रों के कल्याण को तथा साथ ही एक सुसंगत तथा उत्पादक शिक्षण परिवेश को प्राथमिकता देने में सक्षम बनेंगे।

यदि अस्वस्थ हों तो घर पर ही रहें

- यदि आपकी संतान अस्वस्थ है, तो यह आवश्यक है कि आप उन्हें घर पर रखें। यदि उनमें COVID-19 के हल्के से लक्षण भी नज़र आ रहे हों, तो उन्हें COVID टेस्ट करना चाहिए और एकांतवास (आइसोलेट) करना चाहिए।
- आपकी संतान को केवल तभी स्कूल वापस आना चाहिए जब उनका टेस्ट परिणाम नेगेटिव आ जाता है और उनके शरीर में लक्षण नहीं रहते हैं।
- यदि आपकी संतान का COVID-19 का टेस्ट परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो उनके पॉज़िटिव परिणाम को सर्विस एन.एस.डबल्यू. (Service NSW) के साथ रजिस्टर करें, 7 दिनों के लिए एकांतवास करें और एन.एस.डबल्यू. हेल्थ के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें।

टीकाकरण

- COVID-19 और फ़्लू का टीकाकरण अपने आप को, अपने परिवार और समुदाय को सुरक्षित रखने का सबसे बढ़िया तरीका है। टीकाकरण अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को वायरल (विषाणुजनित) रोगों के खिलाफ सहायता देने का एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है।
- मुख्य स्कूल परिवेशों में सभी पात्र कर्मचारियों और सभी छात्रों को अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपने टीकाकरणों को अप-टु-डेट बनाए रखने के लिए ज़ोर देकर प्रोत्साहित किया जाता है। विशिष्ट प्रयोजनों के लिए स्कूलों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए COVID-19 के खिलाफ दो टीके लगवाना अनिवार्य है ताकि हमारे उन छात्रों की सुरक्षा की जा सके जिन्हें COVID-19 की चपेट में आने से गंभीर रोग होने का अधिक खतरा होता है।

क्लोज़ कांटेक्ट्स (करीबी संपर्क)

- क्लोज़ कांटेक्ट के तौर पर पहचान किए जाने वाले छात्र स्कूल आ सकते हैं बशर्ते स्कूल को इस बात की सूचना दी जाए और 5 स्कूली दिनों के लिए स्कूल आने से पहले हरेक सुबह उनका COVID-19 टेस्ट परिणाम नेगेटिव आए।
- सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए खाने-पीने या व्यायाम करने की स्थिति के अलावा अंदरूनी क्षेत्रों में मास्क पहनना ज़रूरी है। प्राईमरी स्कूल के छात्रों को खाने-पीने या व्यायाम करने की स्थिति के अलावा अंदरूनी क्षेत्रों में मास्क पहनने का सुझाव दिया जाता है।
- क्लोज़ कांटेक्ट के तौर पर पहचान किए गए किसी भी छात्र को रात रूकने वाले शिविर या स्कूल कैंप जैसे उच्च खतरे वाले परिसरों में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
- विशिष्ट प्रयोजनों और स्पोर्ट युनिट्स के लिए स्कूल आने वाले छात्र क्लोज़ कांटेक्ट के तौर पर स्कूल नहीं आ सकते हैं और उनके एकांतवास के दौरान रिमोर्ट तरीके से शिक्षा-प्राप्त करने में उनकी सहायता की जाएगी।

रैपिड एंटीजन टेस्टिंग

- रैपिड एंटीजन टेस्टों का प्रयोग किया जाना चाहिए यदि आपकी संतान में COVID-19 के हल्के से लक्षण भी नज़र आ रहे हों, या इनका प्रयोग रोज़ाना किया जाना चाहिए यदि वे क्लोज़ कांटेक्ट होते हुए स्कूल आ रहे हैं। यदि आपकी संतान में COVID-19 के हल्के से लक्षण भी नज़र आ रहे हों तो रैपिड एंटीजन टेस्टों का प्रयोग किया जाना चाहिए या यदि वे क्लोज़ कांटेक्ट के रूप में स्कूल आ रहे हैं तो रोज़ाना इनका प्रयोग किया जाना चाहिए
- यदि आपकी संतान का COVID-19 का टेस्ट परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो यह ज़रूरी है कि वे अपनी एकांतवास अवधि समाप्त होने और लक्षणमुक्त होने तक स्कूल न आएँ। रैपिड एंटीजन टेस्ट के पॉज़िटिव परिणामों को सर्विस एन.एस.डबल्यू. (Service NSW) के साथ रजिस्टर किया जाना आवश्यक है।
- यदि आपकी संतान का टेस्ट परिणाम नेगेटिव आता है परन्तु उसमें अभी भी लक्षण हैं तो उन्हें लक्षणमुक्त होने तक स्कूल नहीं आना चाहिए।
- कर्मचारियों और छात्रों को टर्म 3 की शुरूआत में उनके स्कूल द्वारा 5 रैपिड एंटीजन टेस्ट किट का 1 मल्टीपैक दिया जाएगा। विशिष्ट प्रयोजनों तथा स्पोर्ट युनिट्स के लिए स्कूल आने वाले कर्मचारियों और छात्रों को टर्म 3 की शुरूआत में उनके स्कूल द्वारा 5 रैपिड एंटाजन टेस्ट किट के 2 मल्टीपैक दिए जाएँगे।
- स्कूल प्रकोप की स्थिति में निगरानी हेतु टेस्ट करने के प्रयोजनों के लिए स्कूली स्थलों पर रैपिड एंटाजन टेस्टों का आरक्षित भंडार बनाए रखेंगे।

स्वच्छता और साफ-सफाई

- छात्रों को नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोने और आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- दिन के दौरान स्कूलों की सामान्य से अधिक साफ-सफाई अधिक स्पर्श वाले क्षेत्रों और अन्य कठोर सतहों, दरवाजों के हैंडलों, लॉकरों, लाइट स्विच और सीढियों के साथ लगी हैंडरेल और आवाजाही वाले क्षेत्रों पर केंद्रित होगी।

वेंटिलेशन (वायु-संचार)

- संचरण के खतरे को कम करने के लिए ताजी हवा वेंटिलेशन का सबसे प्रभावी रूप है।
- अधिक ठंड के महीनों के दौरान, उष्णता संबंधी सुविधा को संतुलित करने के लिए वेंटिलेशन विधियों के साथ हीटिंग का उपयोग किया जाएगा।
- सरकारी स्कूलों में शिक्षण के सभी स्थलों की जाँच की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जहाँ आवश्यक हो वेंटिलेशन के उचित स्तर और एयर प्यूरीफायर प्रदान किए गए हैं।
- जहाँ संभव होगा, बाहरी स्थानों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाना जारी रहेगा।

मास्क

- मुख्य स्कूल परिवेशों में सभी कर्मचारियों और छात्रों के लिए जहाँ संभव हो मास्क पहनने पर ज़ोर देकर प्रोत्साहित किया जाता है, विशेषकर अंदरूनी क्षेत्रों और अन्य स्थितियों में जहाँ वेंटिलेशन (वायु-संचार) और शारीरिक दूरी संभव न हो।
- उन छात्रों के साथ काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है जिन्हें COVID-19 होने पर गंभीर रोग होने का अधिक खतरा होता है।
- विज़िटरों के लिए मास्क पहनने को ज़ोर देकर प्रोत्साहित किया जाता है, विशेषकर जब वे सीधे-सीधे छात्रों से बातचीत कर रहे हों, और उन छात्रों से बातचीत कर रहे हों जिन्हें COVID-19 होने पर गंभीर रोग होने का अधिक खतरा होता है।
- कक्षा 7 और इससे ऊपर की कक्षाओं में क्लोज़ कांटेक्ट के तौर पर स्कूल आने वाले छात्रों के लिए अंदरूनी क्षेत्रों में मास्क पहनना अनिवार्य है और इससे छोटी कक्षाओं के छात्रों के लिए ज़ोर देकर ऐसा करने का प्रोत्साहन दिया जाता है।
- सभी छात्रों को COVID-19 से उनकी रिक्वरी के बाद 3 दिनों के लिए मास्क पहनने के लिए ज़ोर देकर प्रोत्साहित किया जाता है।

विज़िटर (आगंतुक)

- विज़िटर मुख्य स्कूली स्थलों में आ सकते हैं चाहे उन्हें टीका लगा हो या न लगा हो।
- सभी विज़िटरों को ज़ोर डालकर मास्क पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, विशेषकर अंदरूनी क्षेत्रों में या जब दूरी बनाकर रखना संभव न हो, और जब छात्रों के साथ सीधे-सीधे बातचीत करनी हो।
- यह ज़रूरी है कि कर्मचारियों और स्वयंसेवियों सहित विशिष्ट प्रयोजनों और स्पोर्ट युनिट्स के लिए स्कूल आने वाले विज़िटर छात्रों के साथ सीधे-सीधे बातचीत करते समय मास्क पहनकर रखें।
- क्लोज़ कांटेक्ट के तौर पर स्कूल आने वाले विज़िटरों के लिए यह ज़रूरी है कि वे स्कूल को सूचित करें और कुछ निश्चित दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें, जिसमें अंदरूनी क्षेत्रों में उपस्थिति के दौरान मास्क पहनना शामिल है। क्लोज़ कांटेक्ट के तौर पर पहचाने जाने वाले विज़िटर विशिष्ट प्रयोजनों के लिए स्कूल नहीं आ सकते हैं।

गतिविधियाँ

- स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े खतरा आकलन नियोजन गतिविधियों में एकीकृत किए जाएँगे, इनमें शिविर और रात रूकने वाले कैंप शामिल हैं।
- माता-पिता और देखभालकर्ताओं को संक्रमण के खतरे से अवगत कराया जाएगा और उन्हें कुछ निश्चित गतिविधियों के लिए अनुमति देनी होगी।

स्थानीय स्थितियों पर प्रतिक्रिया करना

- वायरल बीमारी के प्रकोपों सहित स्थानीय स्थितियों पर उचित ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए स्कूल विभाग की स्वास्थ्य, सुरक्षा और कर्मचारी कल्याण प्रबंधन टीम के साथ काम करेंगे।
- कुछ मामलों में, स्कूल अस्थायी रूप से संक्रमण की कड़ियों को रोकने में मदद करने के लिए सीमित समय के लिए अतिरिक्त उपाय लागू कर सकते हैं, जिसमें मास्क पहनना अनिवार्य बनाना, गैर-आवश्यक गतिविधियों को स्थगित या सीमित करना और कुछ निश्चित समूहों को रिमोर्ट तरीके से सीखने का निर्देश देना शामिल है।

रिमोर्ट तरीके से शिक्षा प्राप्त करना

- विभाग उन छात्रों के समर्थन के लिए डिजिटल शिक्षा संसाधन विकसित करना जारी रखता है जिन्हें रिमोर्ट तरीके से शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता पड़ती है।

और अधिक जानकारी के लिए, education.nsw.gov.au/covid-19/advice-for-families देखें।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसिपल को फोन करें। यदि अपनी पूछताछ में आपकी सहायता करने के लिए आपको एक दुभाषिए की आवश्यकता है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर को वह नम्बर बताएँ जिसपर आप कॉल करना चाहते/ती हैं, और ऑपरेटर बातचीत में आपकी मदद करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

एन.एस.डबल्यू. की सरकार छात्रों और स्कूल के कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्कूल के संचालन कार्य जारी रहते हैं।